

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना काल के सेवा कार्यों की मंडल से प्रदेश तक डिजिटल बुक बनाएगी भाजपा

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने कहा है कि कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के दौरान उत्तराखंड में भाजपा द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों को मंडल से प्रदेश स्तर तक डिजिटल बुक में संकलित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी तक 60 वर्चुअल कॉन्फ्रेंस हो चुकी है और सभी विधानसभा क्षेत्रों में यह कान्फ्रेंस करने का लक्ष्य 10 जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

### कोरोना महामारी की आड़ में दलाली करने से बाज आए श्रम विभागः मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश में रोजाना भ्रष्टाचार के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं तथा इसी कड़ी में श्रम विभाग के भवन निर्माण एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा श्रमिकों ध्गरीबों को खाद्यान्न किट बांटी जा रही है, जिसमें आटा, चावल, चीनी, दाल, सेनिटाइजर, रिफाइंड इत्यादि हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी की हाड़ में दलाली करने से श्रम विभाग को बाज आना चाहिए। नेगी ने कहा कि इस कोरोना महामारी की आड़ में गरीब श्रमिकों को खाद्यान्न किट के नाम पर लुटा जा रहा है, क्यों इन गरीबों को किट के बदले ऑनलाइन खाते में पैसा ट्रांसफर नहीं किया जा रहा है।

### कांग्रेस ने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम को टाला

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस सेवादल द्वारा भारत चीन सीमा पर गलवान घाटी में हुई हिंसा की घटना में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए माणा बार्डर तक जाने के कार्यक्रम को खराब मौसम के चलते प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह की सलाह पर फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

### उत्तराखंड के प्राचीन घटनाओ पर आधारित है वेब सीरीज गदेरा

**संवाददाता** देहरादून। निर्देशक योगेश वत्स जल्द ही पीरियड ड्रामा सीरीज 'गदेरा' का फिल्ममांकन उत्तराखंड की विहंगम वादियों में करेंगे। यह सीरीज कुमाऊँ और गढ़वाल की प्राचीन रोमांचक घटनाओं पर आधारित हैं। सीरीज में गोरखाओं के आक्रमण से लेकर ब्रिटिश उपनिवेशवाद दौर के काफी चर्चित किस्सों और घटनाओ को फिल्मी पर्दे पर उकेरा जायेगा। यह एक पीरियाडिक सस्पेंस थ्रिलर जॉनर बेस्ड सीरीज है।

# 33 करोड़ छात्र घर पर ही पढ़ना शुरू कर देंगें कोई सोच भी नहीं सकता

## वर्चुअल रैली

■आत्मनिर्भर भारत के लिए आगे आये युवाः निशंक

■कोरोना को लेकर नहीं होगी विद्यार्थियों को दिक्कत

**संवाददाता**

देहरादून। मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि भारत में एक हजार से अधिक विश्वविद्यालय हैं। 45 हजार डिग्री कॉलेज, एक करोड़ नौ लाख से अधिक अध्यापक हैं। 15 लाख से अधिक स्कूल हैं। इसमें छात्रों की संख्या साढ़े 33 करोड़ है। ऐसे छात्रों को घर पर ही ऑनलाइन शिक्षा देने का काम किया है। 33 करोड़ छात्र घर पर ही पढना शुरू कर देंगे, ऐसा किसी ने सोचा भी नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इस समय 30 से 40 प्रतिशत बच्चों के साथ दिक्कत है। नेटवर्क व मोबाइल की सुविधा नहीं है, लेकिन हम इसके लिए काम कर रहे हैं। हमने स्वयंप्रभा के माध्यम, ई–पाठशापाल के माध्यम से शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्वयंप्रभा से 32 चौनल 24 घंटे पर चलेंगे। इससे शिक्षा का प्रसार बढ़ेगा। यह बातें उन्होंने मंगलवार को रामनगर विधानसभा की वर्चुअल रैली को संबोधित करते हुए कहीं।

केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं का जिक्र करते हुए निशंक ने कहा कि मेक इन इंडिया को बढ़ाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने अनूठी पहल की है। युवाओं को प्रेरित किया। इसका लाभ मिलने लगा है। आत्मनिर्भर भारत बनने के लिए यह बड़ा कदम है। ऐसा ड्रोन समेत तमाम तरह के उपकरण बनाए जाने लगे हैं। इस संकट का मुकाबला करने के लिए हमारे नौजवानों के लिए बहुत कुछ किया।

निशंक ने कहा कि विश्वविद्यालयों में पहले व दूसरे वर्ष के विद्यार्थियों को उनके आंतरिक मूल्यांकन पर आगे बढ़ाया जाएगा। अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की फाइनल वर्ष की परीक्षा अनिवार्य रूप से करेंगे। सितंबर तक परीक्षाएं हो जाएंगी। कोरोना को लेकर विद्यार्थियों की परीक्षा को लेकर दिक्कत नही होने दी जाएगी।

**आयुष्मान भारत उत्तराखंड की उपलब्धिः** निशंक ने कहा कि आयुष्मान भारत के लिए उत्तराखंड सरकार को बधाई देता हूं। उत्तराखंड सरकार ने आम आदमी इलाज से कोई व्यक्ति नहीं छूटेगा। ऐसी व्यवस्था की है।

**एक साल में हुए ऐतिहासिक निर्णयः** निशंक ने कहा कि ट्रिपल तलाक समेत कश्मीर में धारा 370 हटाकर बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश, एक विधान और एक निशान के लिए बलिदान दे दिया था। अयोध्या में राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में ऊंचा हुआ भारत का माथा

निशंक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने भारत का माथा पूरी दुनिया में ऊंचा किया है। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया। निशंक ने कहा कि मोदी सरकार में आम लोगों को जनधन योजना का लाभ मिला, जिनका खाता नहीं खुलता था। उस गरीब और आम आदमी को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ दिलाया। विचौलियों से मुक्त किया। वहीं पेंशन योजना का लाभ दिया गया। अगर काम करते हुए मृत्यु हुई तो दह लाख रुपये का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ में विश्वभारतीय विश्वविद्यालय शांतिनिकेतन का परिसर खोलने के लिए तैयारी शुरू कर दी है।



### सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी हैः संजय किशोर

**संवाददाता** विकासनगर। पूर्व निर्धारित घोषित कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को महंगाई,पेट्रोल डीजल के दामों में वृद्धि के विरोध में 11:30 बजे प्रातः डाकपत्थर चौक से नई कालोनी तक साइकल मार्च कर आवाज उठाई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजय किशोर ने कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। किसी भी प्रवासी को इस कोरोना में कोई राहत नहीं दी गई। स्थानीय मजदूरों ट्रांसपोर्ट व उत्तराखंड वासियों को इस सरकार ने कोई राहत न देकर लोगों को ठगने का काम किया है। विकास नगर विधानसभा में यह जन जागरूकता अभियान सरकार के विरुद्ध निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश सचिव प्रेम प्रकाश अग्रवाल ,शहर कांग्रेस विकास नगर के अध्यक्ष शम्मी प्रकाश, जिला उपाध्यक्ष विकास शर्मा, सभासद गिरीश सप्पल, हरीश ग्रोवर, सलीम हरशूल शर्मा ,समीर अंसारी, निरंकार शर्मा ,कांता देवी, महिपाल सिंह, विजय पाल सिंह, राधेश्याम, बलबीर चौहान, शिवचरण राणा, अब्दुल्ला ,अभिषेक, संदीप भटनागर ,आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# कोरोना के बीच डेंगू से निपटने को उठाये कारगर कदम

## मांग

■कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मिले सीएमओ से

देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चिकित्साधिकारी डा. बीसी रमोला से मुलाकात करते हुए विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग उठाई और कोरोना वायरस कोविड के बीच डेंगू से निपटने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने की जरूरत है और इसके लिए कारगर कदम उठाये जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सीएमओ ने शीघ्र ही सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. बीएस रमोला से मिले और उन्हें समस्याओं के समाधान को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 के चलते इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति में प्रदेश वासियों की सेवाओं में कार्यरत चिकित्सक, स्वास्थ्य अधिकारी, डॉक्टर, नर्से, सफाई कर्मचारी एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त स्टाफ को उनकी कार्य कुशलता पर आभार व्यक्त किया और कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 के चलते अन्य बीमारियों को हल्के में ना लिया जाए क्योंकि डेंगू से ग्रसित मामले सामने आ सकते हैं जो कि एक गंभीर मसला है।

दून में प्रत्येक वार्डो एवं ग्राम सभाओं में हेल्थपोस्ट खोला जाए जिससे समस्त स्टाफ घर–घर जाकर क्षेत्रवासियों को कोरोना एवं डेंगू जैसी बीमारियों की जानकारी दे तथा जरूरतमंदों को निशुल्क दवाईयां दे। प्रदेश के सभी चिकित्सालयों में पंजीकृत छोटे बडेघ् चिकित्सकों की ओ.पी.डी सुनिश्चित करवाई जाए जिनसे लोग कम दरों पर अपना कोरोना/डेंगू टेस्ट व इलाज करा सके।

### बाहर से खरीदनी पड़ रही है दवाईयां

चिकित्सालय में डॉक्टरों, वार्ड ब्वॉय, नर्सिंग स्टाफ व सफाई कर्मचारियों की कमी की पूर्ति की जाए, ताकि मरीजों की ठीक प्रकार से देख भाल हो सके। समस्त चिकित्सालय में सफाई का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जगह जगह गंदगी है आस पास एवं शौचालय में छिडकाव और सफाई करवाई जाए। ज्ञापन में कहा गया कि अधिकांश मरीजों की चिकित्सालय में दवाईयां उपलब्ध नहीं हो पा रही है उन्हें बाहर से दवाईयां खरीदनी पड़ रही है ।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुविधाओं को चलायें सुचारू

**संवाददाता** डोईवाला। राजीव गांधी पंचायत राज संगठन ने डोईवाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए मांग की है। इस अवसर पर राजीव गांधी पंचायत राज संगठन,युवा कांग्रेस व एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने डोईवाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुंवर सिंह भंडारी से मुलाकात करके जनता की समस्याओं से अवगत कराया। संगठन के संयोजक मोहित उनियाल ने कहा कि डोईवाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जो अल्ट्रासाउंड मशीन है वह काफी पुरानी टेक्नोलॉजी की है और इस अल्ट्रासाउंड में केवल एक ऑपरेटर कर्मचारी तैनात है जब कभी यह ऑपरेटर कर्मचारी छुट्टी पर होता है तो सामुदायिक केंद्र में अल्ट्रासाउंड की मशीन जनता के लिए पूर्णता बंद रहती है और जनता को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code
Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।